Date
22/04/2020

Subject - S.St.,

D.El.Ed. 4th Sem.

Topic - CENSUS
(जनगणना)
(Ch - 6)

जनगणना

भारत मे जनसंख्या की संरचना ही जनगणना का आधार है। जनसंख्या की संरचना से अर्थ - जनसंख्या के ढाँचे से है। अर्थात जन की संख्या, उसकी आयु, लिंग जाति धर्म, भाषा, साक्षरता, जनसंख्या वृद्धि की प्रवृत्ति, घनत्व व्यवसाय, ग्रामीण एवं नगरीय अनुपात आदि से है।

History of (CENSUS)

जनगणना प्राचीन काल से होती आ रही है।

(1) रोमन साम्राज्य का प्रमाण 'कैडेस्ट्रल सर्वे' के रूप मे

(2) 1500 ई० पू० मूसा द्वारा इजराइल के निवासियो की जनगणना की गई।

(3) कौटिल्य कृति अर्थशास्त्र (321-296 ई०पू०) मे आर्थिक गतिविधियो के आंकलन हेतु जनगणना के आंकडो का उपयोग किया गया।

(4) अबुल फजल द्वारा रचित 'आइने अकबरी' (1595-96) मे भी जनगणना का उल्लेख मिलता है।

(5) आधुनिक एवं व्यवस्थित जनगणना सर्वप्रथम सन 1749 मे स्वीडन द्वारा कराई गई।

P.T.O

Scanned with CamScanner

(6) दशकीय जनगणना का कार्य 1890 में सर्वप्रथम अमेरिका में कराया गया।

(7) 1801 में इंग्लैंड ने जनगणना कराई।

(8) * ब्रिटिश भारत में पहली जनगणना सन 1872 में लार्ड मेयो के कार्यकाल में हुई थी।

(9) 1881 में लार्ड रिपन के समय में दशकीय जनगणना का क्रमवार आकलन प्रारम्भ हुआ। जो आज भी जारी है।

1872 से अब तक स्वतन्त्र भारत में 15 जनगणना हो चुकी है।

वर्ष 2011 की जनगणना भारत की 15 वीं जनगणना है।

स्वतन्त्र भारत की यह सातवीं जनगणना है।

21 वीं शताब्दी की दूसरी जनगणना है।

जनगणना सम्बन्धी शब्दावली

जनगणना सम्बन्धी शब्दावली निम्नलिखित है –

1. सन्तानोत्पादकता एवं प्रजननशीलता :- सन्तानोत्पादकता से तात्पर्य किसी स्त्री में बच्चों को जन्म देने की शक्ति से है, जबकि प्रजननशीलता से तात्पर्य किसी स्त्री या उनके समूह के द्वारा किसी निश्चित समयावधि में कुल सजीव जन्में बच्चों की वास्तविक संख्या से है।

P.T.O

Scanned with CamScanner

(2) **जनसंख्या घनत्व** :- प्रतिवर्ग Km. मे रहने वालो की संख्या -

$$\text{जनसंख्या घनत्व} = \frac{\text{स्थान विशेष की कुल जनसंख्या}}{\text{स्थान विशेष का कुल क्षेत्रफल}}$$

(3) **साक्षरता - दर** :-

$$\text{साक्षरता दर} = \frac{\text{साक्षरो की संख्या}}{\text{7 + आयुवाली जनसंख्या}} \times 100$$

1951, 1961, 1971, की जनगणना मे 5 वर्ष या ऊपर की आयु, 1981, 1991, 2001, 2011 की जनगणना मे 7 वर्ष या (7+) को शामिल किया गया है।

(4) **लिंग अनुपात** :- प्रति 1000 पुरुष पर स्त्रियो की संख्या

$$\text{लिंग अनुपात} = \frac{\text{कुल स्त्रियो की संख्या}}{\text{कुल पुरुषो की संख्या}} \times 1000$$

(5) **शिशु लिंगानुपात** :- 0-6 आयु वर्ग की जनसंख्या मे प्रति 1000 बालको की तुलना मे उसी आयु वर्ग मे (0-6) बालिकाओ की संख्या को शिशु लिंगानुपात (CSR) कहा जाता है।

$$\text{शिशु लिंगानुपात} = \frac{\text{बालिकाओं की संख्या (0-6)}}{\text{बालकों की संख्या (0-6)}} \times 1000$$

(6) **दशकीय वृद्धि दर** :- 10 वर्षों के मध्य जनसंख्या मे हुई प्रतिशत वृद्धि -

$$\text{दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर} = \frac{\text{वर्तमान जनसंख्या} - \text{पूर्व जनसंख्या}}{\text{पूर्व जनसंख्या}} \times 1$$

Continue - - -

Nidhi Tyagi
22/04/2020